CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 298 | बिजौलिया - बुधवार, 06 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## देशभर की विधानसभा समितियों में एकरूपता लाने पर मंथन, जयपुर में अहम बैठक, जून में लोकसभा को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।




ओम बिरला द्वारा देश के विधान मंडलों की समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित सात पीठासीन अधिकारियों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया।

यह समिति की दूसरी बैठक थी, इससे पूर्व पहली बैठक भोपाल में आयोजित की गई थी। समिति के सभापति नरेन्द्र सिंह तोमर हैं। बैठक में वासुदेव देवनानी, सतीश महाना, कुलदीप सिंह पठानिया, सूरमा पाढ़ी तथा मिंगमा नोर्बू शेरपा शामिल हुए, जबकि पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बैठक में उपस्थित नहीं रहे।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वासुदेव देवनानी ने अतिथियों का पारंपरिक दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया और स्मृति स्वरूप ऊंट की धातु प्रतिकृति भेंट की। कार्यक्रम में सारंगी वादन, 'पधारो म्हारे देश' की प्रस्तुति, कच्छी घोड़ी नृत्य और कठपुतली कला ने अतिथियों को आकर्षित किया। बैठक के बाद देवनानी ने बताया कि विधान मंडलों की समितियां सदन का लघु रूप होती हैं। समितियों की कार्यप्रणाली में एकरूपता लाने, विधायकों की भागीदारी बढ़ाने, रिपोर्ट पर सरकार की कार्रवाई सुनिश्चित करने और प्रतिवेदनों पर सदन में चर्चा जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने बताया कि सभी राज्यों की समिति प्रणाली का अध्ययन किया जा चुका है और इसे अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। समिति की सिफारिशें जून माह में लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी जाएंगी। आवश्यकता पड़ने पर अंतिम रिपोर्ट से पूर्व एक और बैठक आयोजित की जा सकती है।

देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र में संसद और विधानसभाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समितियां न केवल शासन की जवाबदेही सुनिश्चित करती हैं, बल्कि आमजन को न्याय दिलाने और संसदीय शोध को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

## कुएं में तैरता मिला बुजुर्ग महिला का शव फैली सनसनी, 3 दिन से थी लापता



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

कारोई थाना क्षेत्र के बाघपुरा गांव के पास स्थित एक कुएं में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव तैरता हुआ मिलने से इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं ग्रामीणों में तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान बाघपुरा निवासी मांगी देवी पत्नी रामलाल ओड (65) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मांगी देवी 3 तारीख से रहस्यमयी परिस्थितियों में अपने घर से लापता थीं। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया।

परिजनों की रिपोर्ट पर कारोई थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर गुमशुदगी दर्ज की ही थी, लेकिन जांच शुरू होने से पहले ही सोमवार शाम करीब 4:30 बजे गांव के समीप एक कुएं में उक्त महिला मांगी देवी का शव तैरता हुआ मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी अर्जुन गुर्जर मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। साथ ही मृतका के पीहर पक्ष को भी सूचना दी गई। मंगलवार को पीहर पक्ष के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आईवीएफ सेंटर्स पर सख्ती: अनियमितताओं पर दो केंद्रों का पंजीकरण निलंबित

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।




राज्य सरकार ने प्रदेश में संचालित आईवीएफ सेंटर्स में पारदर्शिता, वैधानिक अनुपालन और नैतिक मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। अंडों के अवैध खरीद-फरोख्त की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दो आईवीएफ सेंटर्स का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि उदयपुर जिले के आईवीएफ सेंटर्स में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राज्य स्तर पर एआरटी एवं सरोगेसी के नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित की गई। साथ ही जिले के सभी पंजीकृत आईवीएफ सेंटर्स की जांच के लिए तीन अलग-अलग टीमों द्वारा औचक निरीक्षण कराया गया, जिसमें कुल 28 केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 2 मई को उदयपुर स्थित अमर आशीष हॉस्पिटल एवं आईवीएफ सेंटर में एआरटी बैंक, एआरटी क्लिनिक (लेवल-2) और सरोगेसी क्लिनिक से संबंधित दस्तावेजों की जांच में गंभीर कमियां सामने आईं। इसके चलते संबंधित सभी पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए।

इसके अलावा सम्पत एआरटी बैंक, उदयपुर में भी कई अनियमितताएं पाए जाने पर उसके पंजीकरण को अग्रिम आदेशों तक निलंबित किया गया है। अन्य आईवीएफ सेंटर्स के दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है। प्रमुख शासन सचिव ने स्पष्ट किया कि एआरटी विनियमन अधिनियम 2021 और सरोगेसी विनियमन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आमजन के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि राज्यभर में पंजीकृत सभी एआरटी बैंक, एआरटी क्लिनिक और सरोगेसी क्लिनिकों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा, ताकि सभी संस्थान निर्धारित मानकों और कानूनी प्रावधानों का पालन करें। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अनियमित गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## हाईवे पर घेराबंदी कर पकड़ी अल्काजर कार, 246 किलो डोडा चूरा बरामद

### पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, कार पर पुलिस लोगो लगाकर करते थे तस्करी



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार को घेराबंदी कर पकड़ा और उसमें से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया। कार में सवार दो अंतरराज्यीय तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या को डीएसटी से सूचना मिली थी कि पुलिस का लोगो लगी एक संदिग्ध अल्काजर कार तेज रफ्तार में बिजौलिया की ओर बढ़ रही है। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने केसरंगज कट पर तत्काल नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर में बताई गई कार वहां पहुंची, जिसे रुकवाकर जांच की गई।

तलाशी के दौरान कार में रखे प्लास्टिक के कट्टों से 246 किलो 620 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। साथ ही एक अवैध पिस्टल, दो मैगजीन और 21 जिंदा कारतूस भी मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि तस्कर किसी बड़ी आपराधिक गतिविधि की तैयारी में थे।

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान तकदीर सिंह (27) और दलजीत सिंह (37) निवासी बरनाला (पंजाब) के रूप में बताई। पुलिस ने मादक पदार्थ, हथियार और तस्करी में प्रयुक्त अल्काजर कार को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बरामद डोडा चूरा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 37 लाख रुपए आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कार पर पुलिस का लोगो लगाकर जांच से बचने की कोशिश करते थे।

फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि तस्करी का नेटवर्क किन-किन राज्यों तक फैला हुआ है।

## भीलवाड़ा में एसीबी का बड़ा ट्रैप: PWD इंजीनियर समेत तीन दबोचे, 4.04 लाख की रिश्वत जब्त

### कलेक्ट्रेट परिसर में रंगे हाथों पकड़े गए, आवास व ठिकानों पर तलाशी जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**







भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को भीलवाड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद सहित दो ठेकेदारों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 4 हजार रुपए की रिश्वत राशि बरामद की है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भीलवाड़ा प्रथम चौकी की टीम ने यह ट्रैप कार्रवाई अंजाम दी। आरोप है कि अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद द्वारा पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों से करवाए गए कार्यों के भुगतान और अन्य लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। यह राशि स्वयं के साथ-साथ अधीक्षण अभियंता खेमचंद मीणा के लिए भी एकत्र की जा रही थी।

महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता के अनुसार, विभाग में भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर टीम ने निगरानी शुरू की थी। जांच के दौरान लोकसेवकों और निजी व्यक्तियों की मिलीभगत से रिश्वत लेने का मामला सामने आया।

आज एसीबी अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में उप अधीक्षक पुलिस पारसमल व उनकी टीम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ट्रैप बिछाकर अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद, ठेकेदार मोडूराम धाकड़ और बनवारीलाल को रिश्वत का लेनदेन करते हुए पकड़ लिया। मौके पर ही 4.04 लाख रुपए की नकद राशि जब्त की गई।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। साथ ही उनके आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# चेन स्नैचिंग गैंग का पर्दाफाश, बुजुर्ग महिला से लूटी सोने की चैन का आरोपी गिरफ्तार

## तंग गलियों में घूमकर वृद्ध महिलाओं को बनाता था निशाना, पुलिस की विशेष टीम ने किया खुलासा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में बढ़ रही चेन स्नैचिंग की वारदातों पर लगाम लगाते हुए प्रतापनगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने बुजुर्ग महिला से सोने की चैन लूटने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संगठित अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई। थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। घटना 24 अप्रैल की है, जब आजाद नगर निवासी 82 वर्षीय सज्जन देवी अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और मकान किराए पर लेने की बात करने लगे। बातचीत के दौरान ही आरोपियों ने मौका पाकर उनके गले से करीब दो तोले की सोने की चैन झपट ली और फरार हो गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी शहर की तंग गलियों में घूमकर विशेष रूप से वृद्ध महिलाओं को निशाना बनाता था। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन उर्फ गजानंद पटवा (40) निवासी मांडल (प्रतापनगर) को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# महात्मा गांधी अस्पताल में काली पट्टी बांधकर कर्मचारियों का प्रदर्शन , सरकार पर वादाखिलाफ़ी का आरोप





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राज्य कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) ने आंदोलन की शुरुआत कर दी है। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आह्वान पर भीलवाड़ा में जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में आंदोलन शुरू हुआ।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया कि आरजीएचएस योजना को सुचारू रूप से लागू नहीं करने, समर्पित अवकाश का भुगतान नहीं होने, तथा महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारियों का वेतन लंबित रहने के विरोध में कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध जताया। साथ ही प्लेसमेंट एजेंसी कर्मचारियों का वेतन और पीएफ दिलाने की भी मांग उठाई गई।


महासंघ के उपाध्यक्ष करण सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। वहीं जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने बताया कि जिलेभर में कर्मचारियों ने एक घंटे की सांकेतिक बैठक कर सरकार को चेताया।

इस दौरान प्रेमचंद खटीक, मुकेश मौर्य, विनोद पहाड़िया, पंकज राठी, विनोद सोनी, दिलकुश, चांदमल जीनगर, सत्यनारायण, बंधन चावला सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला को बहला फुसला अंगूठी, नकदी व पर्स छीना, देवीय दोष से मुक्ति दिलाने का दिया झांसा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी



नगर स्थित रामनिवास धाम के बाहर रामद्वारा बाजार में मंगलवार को सुबह एक महिला से दो युवकों ने बहला फुसला कर अंगूठी व पर्स छीन लिया। महिला को सम्मोहित करने, एक युवक द्वारा उसके देवीय दोष बताने व दूसरे युवक द्वारा अंगूठी व पर्स दे देने की बात करने से महिला उनके झांसे में आ गयी तथा सामग्री उन्हें सौंप दी। कुछ कदम चलकर उसे वापस आने को कहा, वह पलट वापस आयी तो दोनो युवक फरार हो गये जिससे महिला के होश उड़ गये। महिला ने भाग कर पुलिस को सूचना दी लेकिन फरार युवकों का कोई पता नहीं चल सका।

शाहपुरा के तेली पाड़ा निवासी गोपीदेवी सिंधी पत्नी स्वश्री रमेशचंद्र नियमित रूप से रामद्वारा के दर्शन कर निकली और रामद्वारा बाजार में फुटपाथ पर घर जा रही थी कि एक युवक मिला जिसने रोक कर कहा कि आपके देवीय दोष है। आपके घर में कठिनाईयां है। वो कुछ करेगें तो फायदा होगा। युवक ने महिला से दोष निवारण करने के लिए अंगूठी मांगी। महिला ने डर कर अंगूठी खोल कर पर्स में डाल दी। तभी दूसरा युवक आया और पहले वाले युवक को सही बताते हुए महिला से कहा कि वो जैसा कह रहा है करो तथा अपना पर्स उसे दो। यह कहने के दौरान महिला सुध खो बैठी तथा जैसा युवक कहने लगा वो करने लगी। पर्स देकर उसे कुछ कदम चलकर वापस आने को कहा। महिला पलट कर वापस आयी तो दोनो युवक फरार हो गये। महिला रोने लगी। अपने मिलने वालों को बुलाया तथा तुरंत पुलिस थाने पहुंच कर रिपोर्ट दी पर युवकों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। महिला ने बताया कि पर्स में उसकी अंगूठी, लगभग ढाई हजार रू नकद, आधार कार्ड व कुछ पर्चियां थी। शाहपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तारबंदी योजना से बदली किसान की तकदीर, श्रवण सिंह बने प्रगतिशील किसान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कृषि विभाग की योजनाओं का सही उपयोग कर जिले के एक किसान ने अपनी खेती को नुकसान से बचाकर आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। ग्राम पंचायत बरोदा के किसान श्रवण सिंह राजपूत आज प्रगतिशील किसान के रूप में अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

भीलवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत बरोदा निवासी किसान श्रवण सिंह राजपूत ने अपनी मेहनत और कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर खेती में उल्लेखनीय सुधार किया है। वर्ष 2025-26 में उन्होंने कृषि विभाग की तारबंदी योजना के अंतर्गत आवेदन किया, जिसके तहत



उन्हें अनुदान स्वीकृत हुआ।

योजना से पहले उनके खेत में आवारा पशुओं के कारण फसलों को लगातार नुकसान पहुंचता था। मेहनत के बावजूद उत्पादन प्रभावित होता था और आय में कमी बनी रहती थी।

तारबंदी योजना के तहत उन्होंने अपने खेत में करीब 400 मीटर तारबंदी करवाई, जिस पर राज्य सरकार की ओर से लगभग 40 हजार रुपए का अनुदान मिला। इस सहायता से उनकी लागत कम हुई और खेत की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

तारबंदी के बाद उनकी फसल पूरी तरह सुरक्षित हो गई है, नुकसान लगभग समाप्त हो गया है और उत्पादन में भी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह पहल उनके लिए खेती को लाभकारी बनाने का मजबूत आधार साबित हुई है।

श्रवण सिंह का कहना है कि किसान कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी लेकर समय पर आवेदन करें, जिससे वे अपनी खेती को सुरक्षित और लाभदायक बना सकें। उन्होंने राज्य सरकार और कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं किसानों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रही हैं।

# राज्य में सीएनजी-पीएनजी नेटवर्क को मिलेगी रफ्तार, 60 नए सीएनजी स्टेशन होंगे स्थापित

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



राज्य में सीएनजी-पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को गति देने के लिए बेहतर प्रदर्शन कर रही सीजीडी संस्थाओं के अनुभव साझा किए जाएंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (माइंस एवं पेट्रोलियम) अपर्णा अरोड़ा ने मंगलवार को राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों में बेहतर कार्य कर रही संस्थाओं के अनुभवों से सीख लेकर प्रदेश में गैस नेटवर्क को और मजबूत किया जाएगा। इसी क्रम में जल्द ही गेल गैस लिमिटेड के बेंगलुरु प्रोजेक्ट से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन आयोजित कराया जाएगा, ताकि वहां के सफल मॉडल को समझा जा सके।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में राज्यभर में 60 नए सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए सीजीडी संस्थाओं को स्पष्ट टाइमलाइन और कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सीएनजी-पीएनजी सेवाओं को आमजन तक तेजी से पहुंचाने और आधारभूत संरचना के विकास पर भी जोर दिया गया है।

बैठक में विनय पाटनी ने भरोसा दिलाया कि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में संचालित गैस नेटवर्क के अनुभवों को जल्द ही जयपुर में साझा किया जाएगा।

इस दौरान गेल गैस के प्रतिनिधि संजय सिंह ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में सीएस विनिता सोनी एवं उपप्रबंधक गगनदीप राजोरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा परिसर में 'हर्बल' और 'नक्षत्र' वाटिका का उद्घाटन, पर्यावरण व भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान विधानसभा परिसर में मंगलवार को पर्यावरण, आयुर्वेद एवं भारतीय ज्योतिष विज्ञान को समर्पित दो अनूठी वाटिकाओं 'हर्बल वाटिका' और 'नक्षत्र वाटिका' का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में वासुदेव देवनानी के साथ विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह तोमर, सतीश महाना, कुलदीप सिंह पठानिया, सूरमा पाढ़ी तथा मिंगमा नोर्बू शेरपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जोगाराम पटेल एवं टीकाराम जूली की भी उपस्थिति रही।

देवनानी ने बताया कि विधानसभा स्थापना का यह वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन वाटिकाओं का निर्माण किया गया है। अतिथियों ने विधानसभा भवन, सदन और



म्यूजियम की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक बताया।

**हर्बल वाटिकाः औषधीय ज्ञान का केंद्र**

विधानसभा परिसर के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थापित हर्बल वाटिका में 8म13 फीट आकार की 38 क्यारियों में विभिन्न औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इसमें तुलसी, एलोवेरा, लेमनग्रास, ब्राह्मी, सफेद मूसली, पीपली, हड़जोड़ सहित कई महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियाँ शामिल हैं। यह वाटिका आयुर्वेद के महत्व को बढ़ावा देने और औषधीय पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी।

**नक्षत्र वाटिकाः प्रकृति और खगोल का संगम**

विधानसभा परिसर के दक्षिणी भाग में विकसित नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों के अनुरूप वृक्ष रोपित किए गए हैं। इसमें पीपल, बरगद, नीम, आम, अशोक, अर्जुन, बेल जैसे पौधों के माध्यम से भारतीय ज्योतिष एवं प्रकृति विज्ञान के अद्भुत संबंध को प्रदर्शित किया गया है।

**डिजिटल म्यूजियम बना आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने विधानसभा के सभागार और अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम का अवलोकन किया। म्यूजियम में राजस्थान की विधायी यात्रा और संसदीय परंपराओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जिसे अतिथियों ने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। अतिथियों ने विज़िटर्स बुक में अपने अनुभव दर्ज करते हुए हर्बल एवं नक्षत्र वाटिका के साथ डिजिटल म्यूजियम को भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# बड़ला में पीपल विवाह व काल भैरव की स्थापना रविवार को

## आज भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव में बोर का मंड देवनारायण मंदिर पर पीपल विवाह और काल भैरव की मूर्ति स्थापना रविवार 10 मई को होगी, इससे पूर्व आज बुधवार 6 मई को कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ एवं पीपल विवाह कार्यक्रम की शुरुआत होगी । ग्रामीणों ने बताया कि बडला-पीथास रोड़ पर स्थित बोर का मंड देवनारायण भगवान के यहां पर काल भैरव की मूर्ति स्थापना के साथ ही भगवान देवनारायण का पीपल संग विवाह को लेकर पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ का आयोजन आज बुधवार 6 मई से होगा, जिसमें आज 6 मई को प्रातः 7 बजे पाल के देवनारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी । वही प्रतिदिन यज्ञाचार्य लादू लाल दाधिच आटूण के द्वारा वैदिक मंत्रोणाचार्य के द्वारा विभिन्न पूजा-अर्चना, अनुष्ठान व अनेक कार्यक्रम होंगे । शनिवार 9 मई को सायं 5 बजे बड़ी हरणी से मंगरी के देवनारायण भगवान के यहां से बारात आएगी, जो रविवार 10 मई प्रातः 4:15 बजे देवनारायण भगवान का पीपल का विवाह होगा । वही दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में काल भैरव की मूर्ति की स्थापना होगी । इसके बाद यज्ञ की पूर्णमति और प्रसादी का वितरण किया जाएगा ।।




QUICK BITES

## महिला सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित, अधिकारों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



पायलट आदर्श जीवन लोक उत्थान समिति के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय आसींद में महिला सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में लीगल काउंसलर अनिता साहू ने महिलाओं को कानूनी सहायता, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों एवं उनसे निपटने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने नए कानूनों व अधिकारों से अवगत कराते हुए महिलाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 181 और 112 की जानकारी देते हुए बताया गया कि आपात स्थिति में महिलाएं इन नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सुमन खोईवाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, वहीं ब्लॉक सुपरवाइजर हेमलता मौर्य ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में बताया।

कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर ग्राम की साथिन व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना (दसवां चरण) शुरू, 341 औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (RIICO) द्वारा जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 341 औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन की प्रक्रिया प्रत्यक्ष आवंटन योजना (दसवां चरण) के तहत शुरू कर दी गई है।

योजना के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया (तहसील शाहपुरा) में 231, करणपुरा (माण्डलगढ़) में 43, कान्याखेड़ी (हमीरगढ़) में 4, उखलिया (आंटाली) में 3, पण्डेर (गुलाबपुरा) में 17, धुवालां (माण्डल) में 10, पीपलून्द (जहाजपुर) में 6 तथा किडीमाल (करेड़ा) में 7 भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा फतेहपुरा-समेलिया में 2 वेयरहाउस भूखण्ड भी शामिल किए गए हैं। निगम द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन औद्योगिक क्षेत्र टेक्सटाइल पार्क रूपाहेली (तहसील हुरड़ा) के 18 भूखण्ड भी इस चरण में शामिल किए गए हैं। इन भूखण्डों के लिए राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी 2025 के तहत आने वाले उद्योग आवेदन कर सकते हैं। रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एस.के. नेनावटी के अनुसार फतेहपुरा-समेलिया, पण्डेर (गुलाबपुरा), पीपलून्द, धुवालां एवं किडीमाल औद्योगिक क्षेत्रों को फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी में शामिल किया गया है। इसके तहत भूखण्डों का आवंटन आरक्षित दर के 60 प्रतिशत पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिए किया जाएगा। इच्छुक निवेशकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भूखण्ड की कुल प्रीमियम राशि का 5 प्रतिशत अमानत (ईएमडी) 14 मई 2026 शाम 6 बजे तक जमा कराना होगा। एक ही आवेदक होने पर सीधे आवंटन तथा एक से अधिक आवेदकों की स्थिति में ई-लॉटरी के जरिए आवंटन किया जाएगा। राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशक भी इस योजना में पात्र होंगे और उन्हें उनके नाम पर ही भूखण्ड आवंटित किया जाएगा। भुगतान प्रक्रिया के तहत 25 प्रतिशत राशि जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 19 त्रैमासिक किश्तों में 8.50 प्रतिशत ब्याज सहित या 120 दिनों में ब्याजमुक्त जमा कराने का विकल्प दिया गया है। 25 प्रतिशत राशि जमा करते ही आवंटन पत्र और भूखण्ड का कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए निवेशक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या रीको कार्यालय, भीलवाड़ा से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही आवंटी जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केन्द्र के माध्यम से राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी ले सकेंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सत्कर्म ही साथ जाते हैं, निंदा से नहीं घबराएंः संत रामस्नेहीदास जी





भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

जसवंत पारीक,

कस्बे में चल रहे विष्णु महायज्ञ के तहत आयोजित 'नानी बाई का मायरा' कथा में शिवालय धाम के संत रामस्नेहीदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के साथ अंत समय में केवल उसके सत्कर्म ही जाते हैं, बाकी सब यहीं रह जाता है, इसलिए व्यक्ति को सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिसकी निंदा होती है, वही वास्तव में जीवंत होता है, इसलिए निंदा से घबराना नहीं चाहिए। कथावाचक ममता दीदी ने कथा में कहा कि सत्य ही भगवान है और हमें भगवान से धन-दौलत नहीं, बल्कि उनके चरणों में अनुराग मांगना चाहिए। कथा प्रसंग में नरसी जी की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान भगवान कृष्ण स्वयं अपनी पटरानियों के साथ मायरा भरने पहुंचे और नानी बाई को बहुमूल्य आभूषण व उपहार प्रदान किए, जिससे ससुराल पक्ष भी अचंभित रह गया।

इसी क्रम में आयोजित पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ में मंगलवार को यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) एवं पंडित गोपाल लाल भट्ट के सानिध्य में एक लाख हनुमान सहस्त्रनाम की आहुतियां दी गईं। इससे पूर्व देवी-देवताओं का पूजन, हवन, भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक तथा कलश व मूर्तियों का फलाधिवास कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

यज्ञ स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

# केकड़ी की बेटी लक्षिता का नवोदय में चयन, 93% अंक के साथ 29वीं रैंक हासिल

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** केकड़ी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि गोपालपुरा निवासी लक्षिता, पुत्री दिलखुश चौधरी, का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय, नांदला (नसीराबाद) में कक्षा 6 की वेटिंग सूची में हुआ है। लक्षिता ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 29वीं रैंक हासिल की है।

वर्तमान में लक्षिता राजकीय माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुरा में अध्ययनरत रही है। उसकी इस उपलब्धि से केकड़ी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में खुशी का माहौल है और लोग उसे बधाइयां दे रहे हैं।

ग्रामीण परिवेश से आने वाली लक्षिता ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

शेखावाटी स्टडी पॉइंट के संचालक राकेश चौधरी एवं संचालिका निशा चौधरी ने बताया कि लक्षिता की सफलता उसके निरंतर अध्ययन, समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। संस्थान द्वारा छात्रा का सम्मान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

परिजनों ने इस उपलब्धि का श्रेय लक्षिता की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। शेखावाटी स्टडी पॉइंट द्वारा क्षेत्र में लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे संस्थान की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन शाखा द्वारा परिंडों का वितरण, जीवों के संरक्षण का संदेश

**गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए किया सराहनीय प्रयास, तुलसी, नीम आंवला सहित अन्य पौधो का किया वितरण**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पंकज पोरवाल)।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन शाखा द्वारा परिंडों (पानी के बर्तन) का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में प्यास से परेशान पक्षियों को राहत प्रदान करना और आमजन को जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनाना है। अध्यक्ष मधु लढा व सचिव अनुपमा मंत्री ने पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे यह सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में 18 परिंडो का वितरण किया गया और लोगों से अपील की कि वे अपने घरों, छतों और सार्वजनिक स्थानों पर इन्हें लगाकर नियमित रूप से पानी भरें। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है, जिससे उनकी जान पर बन आती है। शाखा संपादक सुमन असावा ने बताया कि परिंडो के साथ पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए मोगरा, अश्वगंधा, तुलसी, नीम आंवला आदि के पौधे का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा की पदाधिकारियों ने कहा कि यह छोटा सा प्रयास पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दया भाव को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी से इस मुहिम में जुड़ने और अधिक से अधिक परिंडे लगाने का आग्रह किया। इस पुण्य कार्य में रेणु कोगटा, वसुधा शाखा अध्यक्ष प्रेमलता जागेटिया, मंजू बांगड, स्नेहलता पटवारी, मंजू दरक, सरोज समदानी, रेखा नुवाल, उषा सोमानी, जतन हिंगड़, सीमा बिड़ला, सुमित्रा झंवर, मधु हिंगड़, आशा माहेश्वरी, शिखा सोमानी, अशोक सोमानी आदि सदस्याएं उपस्थित रही। और उन्होंने इस पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# प्रत्येक विद्यार्थी घरेलू हिंसा जैसी कुप्रथाओं व बाल विवाह से स्वयं को सुरक्षित रखेंः अशोक जैन एडवोकेट

**महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन भीलवाड़ा में विधिक साक्षरता शिविर/सेमीनार का आयोजन**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



(पंकज पोरवाल)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन भीलवाड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अभय जैन एवं सचिव विशाल भार्गव के निर्देशानुसार 'परिवर्तनकारी मंगलवार' के अंतर्गत विधिक शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधिक साक्षरता शिविर/सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अशोक जैन ने 'पोक्सो एक्ट सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' एवं 'बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा से बच्चों के संरक्षण' विषय पर विद्यार्थियों को सरल एवं व्यावहारिक भाषा में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, घरेलू हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है तथा बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों पर पॉक्सो अधिनियम के तहत कठोर दंड का प्रावधान है। किसी भी प्रकार की अनुचित घटना की स्थिति में तुरंत जानकारी देना, सहायता लेना एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। चाइल्ड लाइन 1098 या पुलिस को दे। तथा घरेलू हिंसा की स्थिति में 181 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें और सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह नहीं करने, जानकारी में आते ही रोकने का प्रयास करें, एवं घरेलू हिंसा का विरोध करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही व्याख्याता सौरभ गौड़, वरिष्ठ अध्यापक श्वेता खंडेलवाल, अध्यापक रश्मि शर्मा एवं मुराद अली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सौरभ गौड़ द्वारा किया गया।

अंत में विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे जागरूक नागरिक बनकर न केवल स्वयं सुरक्षित रहें बल्कि समाज में भी बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं तथा बाल विवाह और घरेलू हिंसा रोकें और बचपन व भविष्य की रक्षा करें का संदेश जन-जन तक पहुंचाए।

# मनराजस्वी फैडरेशन के संरक्षक पद पर अलका का मनोनयन, रेखा बनी जिलाध्यक्ष

## मनराजस्वी फैडरेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू कंवर राठौड़ ने किया भीलवाड़ा कार्यकारिणी का विस्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



(पंकज पोरवाल)। शहर के सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मनराजस्वी फैडरेशन द्वारा अपनी सांगठनिक मजबूती को देखते हुए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। फैडरेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू कंवर राठौड़ ने भीलवाड़ा की सक्रिय समाजसेवी श्रीमती अलका गहलोत के सेवा भाव और संगठन के प्रति अटूट समर्पण को देखते हुए उन्हें फैडरेशन के श्संरक्षकश् पद पर मनोनीत किया है। गहलोत के मनोनयन की घोषणा होते ही संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू कंवर राठौड़, राष्ट्रीय सचिव विजेता कंवर एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंशुमन सिंह ने संयुक्त रूप से विश्वास व्यक्त किया कि अलका गहलोत के मार्गदर्शन और अनुभव से फैडरेशन अपनी रीति-नीति के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रेखा निगम, जिला उपाध्यक्ष रेखा खोईवाल व रेखा कोठारी दीपिका जोशी तथा शहर अध्यक्ष ममता सिन्हा ने गहलोत को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। मनोनयन पर कार्यकारिणी सदस्य राजकुमारी सोलंकी, नबिसा पठान, हंसा निगम, प्रियंका शर्मा, उषा राघानी, तारा आचार्य, मनीषा शर्मा, चंदा सोनी, अनिता जोशी, अनिता आर्य, आशा शर्मा और चन्द कंवर सहित अनेक पदाधिकारियों ने हर्ष जताते हुए फैडरेशन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्वगणना (जनगणना) 2027 को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली, गांव-गांव दिया सहभागिता का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर**



रा.उ.मा.वि. सरदारनगर के तत्वावधान में स्वगणना (जनगणना) 2027 के सफल संचालन एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को एक व्यापक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गांव की विभिन्न ढाणियों एवं मुख्य मार्गों पर जाकर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक किया।

रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जहां पीईईओ अंशु वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करनी चाहिए।

रैली के दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर 'जनगणना में दें सहयोग ', 'सही जानकारी - देश की तरक्की' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते नजर आए। विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

पूरी रैली अनुशासनबद्ध तरीके से निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ भी सक्रिय रूप से शामिल रहा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के माध्यम से दिया गया संदेश अधिक प्रभावी होता है और इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के रूप में सुनिता तोशावड़ा, मंजू झंवर, नीरू जीनगर, किस्मत कोली, किरण मीणा, राकेश रंजन, मधु वर्मा, ललिता कुमावत, पारस व्यास, लोकेश सुवालका, रामकरण तेली एवं व्याख्याता गोपाल टेलर सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे और रैली के सफल संचालन में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम का समापन पुनः विद्यालय परिसर में हुआ, जहां सभी विद्यार्थियों को जनगणना के महत्व एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# शाहपुरा में साहित्य का शाही सम्मान, रैतिया पैलेस में सजा अद्भुत सम्मान समारोह, डॉ. कैलाश मण्डेला का अभिनंदन

## 'शाहपुरा का कोहेनूर' कहे गए मण्डेला, नव प्रतिभाओं के लिए ट्रॉफी की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य जगत में अपनी अलग पहचान बना चुके केन्द्रीय साहित्य अकादमी से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार डॉ. कैलाश मण्डेला का शाहपुरा राजपरिवार द्वारा रैतिया पैलेस में भव्य स्वागत एवं सहभोज के साथ अभिनंदन किया गया। यह आयोजन कई मायनों में ऐतिहासिक रहा, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार रैतिया पैलेस के विशिष्ट हॉल में इस प्रकार का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

राजपरिवार के मुखिया जयसिंह ने डॉ. मण्डेला को 'शाहपुरा का कोहेनूर' बताते हुए उनके साहित्यिक योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि हर वर्ष एक नवोदित प्रतिभा को डॉ. मण्डेला के नाम पर ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि दिनेश बंटी ने किया, जिन्होंने मण्डेला के व्यक्तित्व और कृतित्व को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस दौरान आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने 'सत्यार्थ प्रकाश' की प्रति भेंट कर उनका स्वागत किया। विभिन्न वक्ताओं ने मण्डेला के साहित्य और शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को सराहा और उनके कृतित्व पर शोध की आवश्यकता पर जोर दिया।

साहित्य सृजन कला संगम के अध्यक्ष जयदेव जोशी ने काव्यमय प्रस्तुति से माहौल को भावविभोर कर दिया। वहीं अपने उद्बोधन में डॉ. मण्डेला ने शाहपुरा की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर चिंता जताते हुए श्री उम्मेद सार्वजनिक पुस्तकालय को पुनः शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इतिहास को समझना और पढ़ना नई पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

समारोह के दौरान डॉ. मण्डेला ने अपनी रचनाओं की चुनिंदा कविताएं और ओजस्वी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में उन्होंने अपनी एवं लोककवि मोहन मण्डेला की कृतियां राजपरिवार को भेंट की।

इस गरिमामय आयोजन में आर्य समाज के हीरालाल आर्य, सुनील बेली, गोपाल राजगुरु, तैराकी संघ के संरक्षक नरेश बूलिया, वरिष्ठ नागरिक संघ के राजेंद्र बोहरा ललजी, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. हरमल रेबारी, एसीबीईओ शाहपुरा डॉ. सत्यनारायण कुमावत, अभिभाषक दुर्गा लाल राजोरा, रैतिया पैलेस के एसओडी ओम प्रकाश सेन, समाजसेवी रामस्वरूप काबरा, सेवानिवृत्त कोषाधिकारी प्रियकांत शर्मा, अखिल व्यास, कवि शिव प्रकाश जोशी, राधाकृष्ण धाबाई, एस्ट्रोलोजर पं. सुनील भट्ट, सत्यव्रत वैष्णव, प्रेम शारदा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं राजपरिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पायलट प्रशिक्षण , नवजात शिशुओं में ऑक्सीजन के तर्कसंगत उपयोग की दी जानकारी

## देश भर में लागू किया जाएगा प्रशिक्षण मॉड्यूल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 'नवजात शिशुओं के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम' पर विकसित प्रशिक्षण मॉड्यूल को राज्य के फीडबैक लेकर देश भर में लागू किया जाएगा। संस्थान-आधारित नवजात देखभाल सेवाओं (एफबीएनसी) को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही इस पहल में ऑक्सीजन के सही और सुरक्षित उपयोग के साथ-साथ सी-पेप को जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में शामिल करने पर जोर दिया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से एफबीएनसी के अंतर्गत इस संबंध में 4 एवं 5 मई को दो दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय पायलट प्रशिक्षण सह-प्रशिक्षक प्रशिक्षण जे के लोन अस्पताल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता को साक्ष्य-आधारित ऑक्सीजन थेरेपी प्रथाओं में सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड लर्निंग पद्धति पर आधारित इस पायलट प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं मेडिकल कॉलेजों से बाल रोग विशेषज्ञ एवं स्टाफ नर्स ने भाग लिया है। इसमें ऑक्सीजन डिलीवरी सिस्टम, पल्स ऑक्सीमेट्री द्वारा मॉनिटरिंग तथा ऑक्सीजन के तर्कसंगत उपयोग के प्रोटोकॉल्स के बारे में राज्य के फीडबैक लिए गए। उन्होंने बताया कि इन प्रतिभागियों को संस्थागत स्तर पर नवजात देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु नामांकित किया गया है तथा वे आगे प्रशिक्षण को अन्य कार्मिकों तक पहुँचाने में प्रशिक्षक की भूमिका निभाएंगे। परियोजना निदेशक शिशु स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि राज्य के 71 स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में प्रभावी ऑक्सीजन सपोर्ट उपलब्ध है एव उक्त यूनिट्स में लगभग 40 प्रतिशत नवजातों को वेंटीलेटर , सीपीएपी मशीन आदि के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध करवाई जा रही है। उक्त के दृष्टिगत राज्य के शिशु रोग विशेषज्ञों एव नर्सिंग कार्मिकों के फीडबैक लेते हुए नेशनल ट्रेनिंग गाइडलाइंस को अंतिम रूप दिए जाने के उद्देश्य से यह राष्ट्रीय पायलट प्रशिक्षण आयोजित किया गया। 'नवजात शिशुओं के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम' पर एक व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल के संदर्भ में ऑनलाइन ओरिएंटेशन सत्र गत माह आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को मॉड्यूल की संरचना, उद्देश्य एवं सीखने की प्रक्रिया के साथ-साथ नवजात देखभाल इकाइयों में ऑक्सीजन थैरेपी की गुणवत्ता सुधारने के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी है।

## QUICK BITES

# चंवरा हनुमान मंदिर के दान पात्र से निकले 1.23 लाख रुपये, भक्तों में उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



(रोशन वैष्णव)

बड़लियास क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को महाआरती के पश्चात दोपहर 1 बजे दान पात्र खोला गया। दान राशि की गणना में कुल 1 लाख 23 हजार 683 रुपये प्राप्त हुए।

दान राशि की गणना मंदिर निर्माण कमेटी एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ की गई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बालूराम अहीर, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, सचिव मदन सुथार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके साथ ही घनश्याम राठी, दिनेश पोरवाल, लादू लाल गुर्जर, सत्यनारायण लड़ा, मोहन सिंह, ओमप्रकाश पोरवाल, लक्ष्मण सिंह, ताराशंकर जायसवाल, बालू लाल शर्मा, कालू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवाड़ी।** राजस्थान राज्य सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को कस्बे के बाल विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के तहत एडवोकेट सुनील कुमार जोशी ने छात्राओं को साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा, पीएलवी राम बाबू माथुर, पीएलवी सुनीता नायक, प्रशासक आकांक्षा शर्मा एवं प्रधानाचार्य कैलाश चंद्रनाथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक जाकिर हुसैन ने किया।

कार्यक्रम में ओमप्रकाश, पिंटू कोहली, रुबीना मैडम सहित लगभग 40 छात्राएं मौजूद रहीं।

# भाजपा नंदराय मंडल की मासिक बैठक आयोजित, चुनावी जीत पर आतिशबाजी

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



(जसवंत पारीक) भारतीय जनता पार्टी नंदराय मंडल की मासिक बैठक का आयोजन मंगलवार को कस्बा स्थित बालाजी मंदिर में किया गया। मंडल महामंत्री दुष्यंत राजस्थला ने बताया कि बैठक में जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े संगठन से जुड़े हुए हैं और इसे और आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है।

बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, महामंत्री भुवनेश चौधरी, पूर्व महामंत्री प्रियदर्शी पारीक, गोपाल सुवालका, कमलकांत पोरवाल, जय सिंह राणावत, विकास पाराशर, श्याम ढलीवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बस स्टैंड पर पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भाजपा की स्पष्ट बहुमत से जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कालू खटीक, केदार जाट, शंकर तेली, नंदलाल कलाल, लोकेश आचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वर्मी कम्पोस्ट से बदली खेती की तस्वीर: रघुनाथ गुर्जर बने प्रगतिशील किसान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिले की ग्राम पंचायत बिहाड़ा निवासी प्रगतिशील किसान रघुनाथ गुर्जर ने कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी खेती को उन्नत, लाभदायक और पर्यावरण अनुकूल बना दिया है। वर्ष 2025-26 में उन्होंने गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया, जिसे समय पर प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई।

स्वीकृति मिलने के बाद गुर्जर ने विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार 20म3म2 फीट का वर्मी बेड तैयार कराया। इसके पश्चात कृषि पर्यवेक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया और सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने पर उन्हें 10,000 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। योजना के माध्यम से उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट (केचुआ खाद) का उत्पादन शुरू कर जैविक एवं रसायन मुक्त खेती को अपनाया। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं , उन्हें शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण उपज मिल रही है, फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है और खेती की लागत में भी कमी आई है, जिससे उनकी आय में सुधार हुआ है। गुर्जर स्वयं लाभ लेने के साथ-साथ अन्य किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे क्षेत्र में वर्मी कम्पोस्ट और केंचुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

रघुनाथ गुर्जर ने राज्य सरकार और कृषि विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।